किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी. टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा

एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, जोड़ो के दर्द,
कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण,
स्पाइन (रीढ़ की हड्डी) संबंधित परेशानी,
स्पोर्ट्स इंजुरी, लिगामेंट हेतु दूरबीन पद्धति,
आर्थोस्कोपी ये सभी इलाज और ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

AGRAWAL NURSING HOME
अग्रवाल नर्सिंग होम
बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100
बीजू कार्ड/आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज

हर्निया, गॉल ब्लैडर पथरी, ओवेरियन सिस्ट, पेट के
ट्यूमर, सिस्ट के ऑपरेशन, सिजेरियन डिलीवरी
पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट, स्ट्रिक्चर के ऑपरेशन
थायराइड, कान के पर्दे के छेद, Tympanoplasty
पाइल्स, फिशर, स्तन में गठान, हाइड्रोसील ऑपरेशन
प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### सांप डसने से महिला की मौत

**महासमुंद।** ग्राम कनकेवा की एक महिला की सांप के काटने से मौत हो गई। सरायपाली पुलिस ने बताया कि रामबती साहू पति कुलेश्वर साहू (48 साल) को सांप ने काट लिया था, जिसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल सरायपाली लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेक करने पर मौत हो जाना बताया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ट्रेन से कटकर अज्ञात व्यक्ति की मौत

**महासमुंद।** भीमखोज सेक्शन के किलोमीटर संख्या 78/10-11 के बीच एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कट जाने के कारण मौत हो गई। मृतक की उम्र करीब 33 साल बताई गई है। रिपोर्ट पर बागबाहरा पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए मामले की जांच विवेचना शुरू कर दी है।

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम कपसाखुंटा से बसना पुलिस ने महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी बिरंची यादव पिता टिकेश्वर यादव (36 साल) निवासी मेदनीपुर के कब्जे से 4400 एमएल महुआ शराब कीमत 660 रुपए जब्त कर धारा 34 (1) आबकारी के एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### वाहन की ठोकर साइकिल सवार की मौत

**महासमुंद।** बागबाहरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदूलाथा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर सायकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना के उपरांत अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जर्म दर्ज किया है। पुलिस से जानकारी के मिली अनुसार बालमुकुंद यादव अपने साथी के साथ जिला सहकारी बैंक बागबाहरा से पैसा निकालकर वापस अपने गांव घुंचापाली जा रहे थे। तभी तेंदुलोथा के आगे चंडी मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर उसे अज्ञात वाहन टक्कर मार दी। जिसके बाद बालमुकुंद यादव को सिविल अस्पताल ले जाया गया।

# बेलसोंडा दोहरे फाटक का काम लगभग पूरा, जल्द शुरू होगा आवागमन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

शहर को राजधानी से जोड़े जाने वाले एनएच 353 में ग्राम बेलसोंडा स्थित रेलवे फाटक की चौड़ाई बढ़ाते हुए दो फाटक के लिए रास्ता बनाया जा रहा है। इसका कार्य भी अंतिम चरण में पहुंच गया है। सडक़ बनाने का कार्य पूरा हो गया है। अब यहां पर नाका व सिग्नल संबंधित कार्य ही शेष रहा गया है। नाका लगने के बाद यह फाटक जल्द ही राहगीरों के लिए खोल दिया जाएगा।

बेलसोंडा रेलवे क्रासिंग पर वर्तमान में तीन ओर से वाहन आने के कारण कई बार जाम लग जाता था। नांद गांव की ओर जाने वाले वाहनों को मोडऩे में काफी दिक्कत होती थी, जिसके कारण कई बार वाहन फंस जाते थे। जाम से निकलने में ही लोगों को आधे घंटे तक का समय लग जाता है। वर्तमान रेलवे क्रासिंग की चौड़ाई कम होने से वाहनों को निकलने में भी परेशानी होती थी। खासकर धान से भरे ट्रकों को निकलने में काफी दिक्कत होती थी। दूसरे फाटक का कार्य लगभग पूरा हो गया है। आगामी दिनों में रेलवे के अधिकारियों की टीम क्रासिंग स्थल का निरीक्षण भी करेगी। जिला प्रशासन के द्वारा लोगों की परेशानियों को देखते हुए प्रस्ताव भेजा था। जनवरी 2024 में ही रेलवे से अनुमति मिली थी। अप्रैल माह में कार्य भी शुरू हो गया था। वर्तमान में सडक़ पर डामरीकरण कर दिया गया है। सड़क की चौड़ाई भी बढ़ा दी गई है। अब रेलवे क्रासिंग में आने के लिए अलग क्रासिंग और जाने के लिए भी अलग क्रासिंग होगी। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि 10-15 दिनों में क्रासिंग पर आवाजाही शुरू हो जाएगी। इंचार्ज आरके शुक्ला ने बताया कि सडक़ से संबंधित कार्य पूरा हो गया है। अब नाका और सिग्नल संबंधित कार्य बचा हुआ है। यह कार्य भी शीघ्र पूरा कर लिया जाएगा। आगामी दिनों में एक टीम क्रासिंग पर चल रहे कार्य का अवलोकन भी करेगी।

## यहां पर नाका व सिग्नल संबंधित कार्य ही शेष, डामरीकरण का भी कार्य हुआ पूरा

### ओवरब्रिज का इंतजार बढ़ा

बेलसोंडा में ओवरब्रिज निर्माण का इंतजार बढ़ता ही जा रहा है। मुआवजा वितरण नहीं हो पाने के चलते अब तक ब्रिज का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। कब तक कार्य शुरू होगा अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं। ओवरब्रिज को बनने में भी लगभग डेढ़ से दो साल का समय लगेगा। महासमुंद में एक और ओवरब्रिज के कार्य शुरू होने में देरी हो रही है।



### समस्या से नहीं मिलेगी राहत

रेलवे क्रासिंग पर लोगों को 10 से 15 मिनट रूकना पड़ता है। हर 15 से 20 मिनट में एक ट्रेन गुजरती है। राजधानी रायपुर जाने वाले मार्ग में केवल एक ही रेलवे क्रासिंग है। क्रासिंग के कारण बस में सफर करने वाले यात्रियों की यात्रा लंबी हो जाती है। कई बार यात्री अपने तय समय से लेट हो जाते हैं। रायपुर जाने वाले मरीजों को भी काफी दिक्कत होती है।

## हरा सोना : अब तक 85 प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति, संग्राहक कार्य में जुटे

# जिले में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य जारी मौसम साफ रहा तो लक्ष्य होगा पूर्ण

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

लगातार मौसम साफ रहने का सीधा असर हरा सोना के संग्रहण पर नजर आने की उम्मीद है। पहली मई से शुरु हुई पत्ता तोड़ाई के बाद से अब तक लक्ष्य का 85 फीसदी पूरा हो चुका है। बारिश नहीं होने के चलते अब यह कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही तेंदूपत्ता खरीदी का लक्ष्य पूर्ण हो जाएगा।

बता दें कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल में निवासरत ग्रामीणों के आय का प्रमुख साधन है। मार्च में शाखकर्तन के बाद दो मई से जिले की 75 समितियों के माध्यम से 785 फड़ों से हरा सोना का संग्रहण शुरू हुआ। जिसके साथ ही जंगलों में ग्रामीणों की चहल पहल बढ़ गई। जानकारी के अनुसार इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य 91 हजार 300 मानक बोरा रखा गया है,जो गत वर्ष के बराबर है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी तेन्दूपत्ता तोड़ाई के पूर्व संग्राहकों का सर्वे किया गया। इस बार तेंदूपत्ता संग्रहण के कार्य में 107885 संग्राहक जुटे हैं। तोड़ाई और संग्रहण कार्य की मॉनिटरिंग के लिए फड़ों में बीट गार्ड, सचिवों की तैनाती की गई है। संग्राहकों द्वारा तेंदूपत्ता की तोड़ाई के बाद 50-50 पत्तों का एक बंडल तैयार कर फड़ों में उसे सुखाया जाता है। जिसके लिए धूप की पर्याप्त आवश्यकता है, यदि पत्तों को पर्याप्त धूप न मिले तो तेंदूपत्ता के सड़ने का डर बना रहता है लेकिन इस बार जब से तेंदूपत्ता की तोडाई शुरू हुई है तब से लगातार मौसम साफ होने के कारण तेंदूपत्ता तोड़ाई में तेजी देखी गई ।



### 32 हजार करोड़ का भुगतान

जानकारी के अनुसार अव तक जिले में 70 हजार मानक बोरा की तेंदूपत्ता की तोडाई हो चुकी है जिसके एवज में करीब 32 हजार करोड़ का भुगतान किया जा चुका है। जो कुल लक्ष्य 91 हजार 300 का 85 फीसदी है। बताया जाता है कि इस बार तेंदूपत्ता अच्छा है। मौसम अच्छा होने से लगातार तोड़ाई भी हो रही है। तेंदूपत्ता खरीदी के लिए हितग्राही मार्च से ही सक्रिय रहते हैं और परिवार का हर सदस्य इसमें भागीदारी निभाता है।

### डेढ़ हजार रुपए बढ़ी मजदूरी

मालूम हो कि तेंदूपत्ता संग्रहण वनांचल के ग्रामीणों के आय का बड़ा जरिया है। इसी आय से इनकी गुजर-बसर होती है और यही कारण है इस कार्य में पूरा परिवार जुटा रहता है। इस बार नई सरकार ने तेंदूपत्ता संग्रहण की मजदूरी बढ़ाकर डेढ़ हजार रुपए रुपए प्रति मानक बोरा की बढ़ोत्तरी कर 5500 रुपए कर दी है जबकि इससे पूर्व यह दर 4 हजार रुपए मानक बोरा था।

### लक्ष्य नहीं होता पूरा

पिछले पांच सालों से तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य किसी न किसी कारण से पूरा नहीं हो सका कभी मौसम की खराबी तो कोरोना काल के कारण संग्रहण का कार्य प्रभावित होता रहा है। 2023 में 91300 मानक बोरा लक्ष्य था और 70 हजार मानक बोरा की खरीदी हुई। 2022 में 95400 मानक बोरा लक्ष्य रखा गया था, 82 हजार 300 मानक बोरा की खरीदी हुई थी। 2021 में 95400 मानक बोरा लक्ष्य था, जिसमें 74409 मानक बोरा, 2020 में 51840 मानक बोरा था।

# अवैध रेत खनन पर भाजपाइयों ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

अवैध रेत उत्खनन का मामला लगातार आम जन, शासन-प्रशासन के लिए सिरदर्द बनकर रह गया है और कई कार्रवाई के बाद भी रेत माफिया रात के अंधेरे में नदी का सीना चीर कर रेत उत्खनन कर रहे है।

तुमगांव सिरपुर मंडल क्षेत्र के बरबसपुर, बड़गांव, केडियाडीह जैसे कई ग्रामों में अवैध रेत उत्खनन का मामला लगातार चल रहा है। कुछ रेत माफिया अवैध रेत खनन को लेकर कार्यकर्ता जनप्रतिनिधियों के साथ दुर्व्यवहार भी करते है। रात में आने जाने वाले नागरिकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। बिरकोनी क्षेत्र में रात के अंधेरे में सैंकड़ों हाइवा वाहन रेत का अवैध रूप से परिवहन ओवरलोड हाई स्पीड से करते है, जिससे कई दुर्घटनाएं होती है, लेकिन प्रशासन उदासीन है।

तुमगांव सिरपुर मंडल अध्यक्ष पप्पू पटेल के नेतृत्व में महासमुंद विधायक, जिला कलेक्टर ,जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौपा अवैध रेत उत्खनन पर विराम नहीं लगेगा तो जल्द ही तुमगांव सिरपुर मंडल के कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करेंगे। ज्ञापन सौपने वाले में कीर्ति बघेल, विकास चंद्राकर ,धर्मेंद्र यादव, लाला निषाद सरपंच पासिद, जयप्रकाश यादव सरपंच अमलोर, श्रीमती वंदेश्वरी सरपंच चुहरी, विश्वनाथ रैला, डिगेश साहू, उमेश साहू, विजय साहू, दामोदर पटेल, संतोष साहू, मिथलेश साहू, भुनेश्वर साहू, द्रोणाचार्य साहू, डोमार, पटेल, विनोद गहरवाल, अनिल ढ़ीढ़ी, दिनेश टंडन, यादराम साहू, भानु, अर्जुन साहू, संदीप साहू, माणिक सोनवानी आदि उपस्थित रहे।

### युवक पर जानलेवा हमला

**महासमुंद।** शादी में शामिल होने गए युवक के ऊपर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम टुहलू में हुए इस वारदात में कोमाखान थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया गया है। रिपोर्ट के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस को प्रार्थी सोनू नेताम पिता फुलसिंग नेताम (58 साल) निवासी तालाब पारा टुहलू ने बताया कि 11 जून को देवकुमार मरकाम निवासी बांझीपारा टुहलू की शादी थी, जिसमें मेरा लड़का अलकराम भी गया था। बांझीपारा चबूतरा के के पास रात करीब 12 को ग्राम कोटरीपानी (बांधापारा) के व्यक्ति फज्जू, नूरतन एवं एक अन्य व्यक्ति भी देवकुमार के घर शादी में आए थे और इन लोगों ने किसी बात पर मेरे लड़के अलकराम नेताम के बांयी ओर पीठ में चाकू से मारकर गंभीर चोट पहुंचाया।

# पीपल पेड़ की मोटी शाखा गिरने से विद्युत विभाग का कार्यपालन यंत्री घायल

**सरायपाली।** क्षेत्र में तेज आंधी तूफान से विद्युत आपूर्ति बाधित हुई। जिसके सुधार के लिए बिजली कर्मियों के दल के साथ कार्यपालन अभियंता (एई) आरके अरोरा भी मौके पर उपस्थित थे। इस दौरान पीपल पेड़ की एक मोटी शाखा उनके ऊपर गिर गई। जिससे अरोरा गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी पावर कंपनी के चेयरमैन पी. दयानंद द्वारा तत्काल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को जानकारी दी गई, जिस पर मुख्यमंत्री ने अरोरा के बेहतर उपचार के निर्देश दिए। गौरतलब है कि 13 जून को आंधी-तूफान बारिश से सरायपाली शहर सहित आसपास के गांवों बलौदा, मलदामाल आदि स्थानों पर 33 केवी तथा 11 केवी लाइनों के ऊपर पेड़ों की भारी शाखाएं टूटकर गिर गई थी। घटना की सूचना तत्काल एमडी पारेषण राजेश कुमार शुक्ला, ईडी भीमसिंह कंवर तथा संदीप वर्मा को मिली। एई को तत्काल उपचार के लिए रायपुर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल लाया गया।

# आयुर्वेदिक दवा देने के नाम पर ऐंठ लिए साढ़े 25 हजार रुपए

**महासमुंद।** आयुर्वेदिक दवाई देने के नाम पर आरंग क्षेत्र के एक व्यक्ति द्वारा बागबाहरा क्षेत्र के कई लोगों से फ्रॉड किए जाने का मामला सामने आया है। इनमें से एक पीड़ित ने बागबाहरा थाने में आरोपी के खिलाफ साढ़े 25 हजार रुपए धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस को वार्ड नं 15 दैहानी भाठा बागबाहरा निवासी नरेंद्र सेन पिता किशुन सेन (31 साल) ने बताया कि कामदेव निषाद पिता बहुर निषाद निवासी निसदा तहसील/थाना-आरंग, जिला रायपुर करीब 4-5 माह पूर्व पड़ोसी के माध्यम से मेरे घर पहुंचा एवं मेरी पत्नी की मासिक परेशानी को देखकर कहा कि मैं आयुर्वेदिक डॉक्टर हूं एवं आयुर्वेदिक दवाई से ठीक कर दूंगा। इसी दौरान आरोपी ने कहा कि इसके लिए भूपेंद्र डी-मार्ट कंपनी में राशि 1000 देकर पंजीयन कराना होगा एवं दवाई की राशि पहले देना होगा। आरोपी ने ऐसा कहकर मुझसे नगद 19,000 रुपए एवं फोन पे से राशि 6500 कुल 25,500 रुपए लिया। उसके बाद में लगातार 3 से 4 माह बीच-बीच में फोन लगाया तो वह उठाता नहीं था। इसी दौरान मुझे पता चला कि मेरे साथ-साथ मेरी पड़ोसी श्रीमती लता विश्वकर्मा व ग्राम अनवरपुर, दाबपाली, दावनबोड़, पचरी, मनबाय, बागबाहरा की कई महिलाएं व पुरूष भी इस व्यक्ति की बातों में आकार राशि दे दिए हैं। जिनसे राशि लेने के बाद उनका भी फोन उठाना बंद कर दिया है, जिसके चलते सभी को लगा कि वे ठगी का शिकर हो गए हैं। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है।

# दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई, निर्दोषों की हो निःशर्त रिहाई

## सतनामी समाज की महिलाओं ने शासन-प्रशासन से की मांग, कहा- बलौदाबाजार कांड में निर्दोषों को प्रताड़ित न करें

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद**

सतनामी समाज महिला प्रकोष्ठ ने बलौदा बाजार में सतनामी समाज के रैली के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा बैरीकेड तोड़कर कलेक्ट्रेट स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में की गई तोड़फोड़ व आगजनी की घटना को घोर निंदनीय एवं सतनामी समाज के साथ समूचे मानव समाज के लिए शर्मनाक व चिंताजनक बताया है। शासन-प्रशासन द्वारा बेलगाम असामाजिक तत्वों के ऊपर की जा रही कार्यवाही का समाज समर्थन करते हुए समाज की महिला प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता के दौरान कहा है कि इस विशुद्ध रूप से सामाजिक धरना-प्रदर्शन में शामिल निर्दोष लोग व जिला ब्लाक के पदाधिकारी जो तोड़फोड़ व आगजनी की घटना में शामिल नहीं है उनकी जोर जबरदस्ती गिरफ्तारी कर उन्हें उत्पाती, उपद्रवी सतनामी आंदोलन निरुपित कर छबि खराब की जा रही है जिससे समाज में भय का वातावरण तैयार हो रहा है जिसे तत्काल रोक जान की मांग की जा रही है। पदाधिकारियों ने कहा कि गृहमंत्री व शासन में बैठे जिम्मेदार लोगों ने भी माना है कि ऐसी वारदात सतनामी समाज के लोग नहीं कर सकते। बल्कि, किसी बाहरी लोगों की संलिप्तता की बात कही है।




फिर भी जो लोग शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन व रैली में केवल उपस्थित रहे उनकी गिरफ्तारी किया जाना प्रशासन का अन्याय पूर्ण रवैया है। आस्था से संबंधित सामाजिक आंदोलन के लिए संवैधानिक तरीके से अपील करना, मंच पर बैठना या पंडाल पर बैठकर शांति पूर्ण जय बोलना, नारा लगाना कार्यक्रम में शामिल होने को आधार मानकर आरोपी बनाया जाना संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकार का उल्लघंन है।

बलौदा बाजार कांड में 7 जून को महासमुंद जिला में आयोजित आक्रोश रैली में शामिल समाज लोगों की ज्ञापन सूची के आधार पर कुछ लोगों को परेशान करने की शिकायत मिल रही है। जिसको भी संज्ञान में लेकर तत्काल बंद करने की मांग करते हैं। अतः जो लोग तोड़फोड़ या आगजनी में शामिल नहीं है परंतु धरना प्रदर्शन रैली में शामिल रहे उनकी निशर्त रिहाई कर जिला तथा ब्लॉक के सामाजिक पदाधिकारियों की गिरफ्तारी पर रोक लगाए जाने के साथ तोड़फोड़ व आगजनी के लिए जिम्मेदार वास्तविक षड्यंत्रकारी लोगों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### यह रहे प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद

इस दौरान नीतूरानी बांधे, चंद्रकला जांगड़े, गुंजन मन्नाडे, अमृता डहरिया, पार्वती सोनवानी, हितेश आवड़े, संतोषी टंडन, कांति मन्नाडे, धर्मिन मन्नाडे, द्रोपती लहरे सहित अन्य सामाजिक महिलाएं एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

पाठक सूचना
महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप

### तोड़फोड़-आगजनी के दोषियों पर हो कार्रवाई

**रायपुर।** प्रगतिशील छग सतनामी समाज के कार्यकारी सदस्य अश्वनी बबलू त्रिवेंद्र ने गिरौदपुरी धाम में हुई घटना तथा बलौदाबाजार में आगजनी के संबंध में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। श्री त्रिवेंद्र ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि पूजनीय जैतखंब में तोड़फोड़ की घटना निंदनीय है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए। वहीं शांतिपूर्ण तरीके से सतनामी समाज के लोग विरोध प्रदर्शन करने गए थे, लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने मौके का फायदा उठाते हुए बलौदाबाजार में शासकीय कार्यालय में आगजनी एवं तोड़फोड़ कर दी। घटना के बाद बड़ी संख्या में समाजजनों पर कार्रवाई की जा रही है। वास्तविक आरोपियों की तलाश कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### पर्यावरण बचाने हनुमान चालीसा पाठ 24 को

**रायपुर।** पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम के लिए, संबंधित विभाग के अधिकारियों को जगाने पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यालय टाटीबंद के सामने मजदूर सेवा समिति द्वारा 24 जून को हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इस संबंध में अजय चकोले ने विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी दी है कि मजदूर सेवा समिति को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि उरला, सिलतरा, बिरगांव, बोरझरा क्षेत्र में कारखानों, फैक्ट्रियों द्वारा पर्यावरण को प्रदूषित किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। विभाग को जगाने के लिए समिति द्वारा हनुमान चालीसा पाठ करने का निर्णय लिया गया है। पर्यावरण दिवस के मौके पर मजदूर सेवा समिति ने औद्योगिक क्षेत्र उरला में शिविर लगाकर हजारों पौधे निशुल्क वितरित किए।

### 15 अगस्त तक मछली मारने पर रोक

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को ध्यान में रखते हुए उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मस्योद्योग अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त 2024 तक की अवधि को बंद ऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में घोषित किया गया है। प्रदेश के समस्त नदी-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब या जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किए गए हैं, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट (मछली मारने) 16 जून से 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इस नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र अधिनियम के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजा एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा।

### छत्तीसगढ़ में होगी जियो-रेफ्रेंसिंग से ई-गिरदावरी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त किया जा रहा है। राज्य में अब डिजिटल क्रॉप सर्वे के लिए तैयारियां की जा रही हैं। इस सर्वे को अंजाम देने के लिए राजस्व विभाग द्वारा भूमि का जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से चल रहा है। एक ओर जियो-रेफ्रेंसिंग से भूमि विवादों में कमी आएगी, वहीं दूसरी ओर फसलों की ई-गिरदावरी का कार्य आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में सुशासन के लिए पारदर्शी और बेहतर प्रशासन के लिए शासकीय कामकाज में अधिक से अधिक आईटी का उपयोग करने के निर्देश सभी विभागों को दिए हैं। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने राजस्व विभाग की समीक्षा बैठक में राजस्व अधिकारियों को भूमि के जियो-रेफ्रेंसिंग का कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं।

**भ्रष्टाचार की शिकायत पर होगी कार्रवाई :** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बैठक में कहा कि ग्रामीणों और किसानों को नामांतरण, बटवारा, सीमांकन और व्यपवर्तन कार्य में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

# लॉ छात्रों को बांट दिए गलत प्रश्नपत्र, प्रबंधन ने कहा-लिखकर दें हम परीक्षा नहीं देंगे

## हंगामे के बाद परीक्षा निरस्त, शुक्रवार सुबह से रविवि में होता रहा बीएएलएलबी छात्रों का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय मूल्यांकन से लेकर जल्द परिणाम जारी किए जाने तक, कई तरह के वादे करने वाले रविवि की परीक्षा में एक बार फिर बड़ी चूक सामने आई है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके अंतर्गत शुक्रवार सुबह प्रथम पाली में बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं थी। निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार, राजनीति विज्ञान तृतीय प्रश्नपत्र की परीक्षा शुक्रवार को थी। इसके स्थान पर रविवि ने राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र के पर्चे बांट दिए। जब छात्रों ने प्रश्नपत्र देखे को उनके होश उड़ गए। इसके बाद सभी छात्रों ने हंगामा मचाना शुरू कर दिया। परीक्षा कक्ष छोड़कर छात्रों ने विवि का प्रशासनिक भवन घेर लिया। इसके बाद रविवि ने परीक्षा निरस्त कर दी। विवि प्रबंधन द्वारा 10 जुलाई के बाद परीक्षाएं आयोजित किए जाने की बात कही गई है। शेष विषयों की परीक्षाएं होने के बाद रविवि निरस्त हो चुके विषय की परीक्षा लेगा। निश्चित तिथि रविवि द्वारा नहीं बताई गई है। दोबारा परीक्षा आयोजित किए जाने संबंधित आश्वासन के पश्चात छात्रों का हंगामा समाप्त हुआ।

### बड़ी लापरवाही

राजनीति विज्ञान चतुर्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा एक जुलाई को होनी थी। परीक्षा से पूर्व ही प्रश्नपत्रों के इस वितरण से कई तरह के सवाल खड़े हो गए हैं। विवि द्वारा अभी तक इस पर कोई जिम्मेदारी तय नहीं की गई है। गलत प्रश्नपत्र बांटे जाने के बाद लगभग एक घंटे तक छात्रों को बैठाए रखा गया, तत्पश्चात उन्हें परीक्षा निरस्त होने की जानकारी दी गई।



### तिथि निर्धारण जल्द

परीक्षा दोबारा आयोजित की जाएगी। इसके लिए नई तिथि का निर्धारण जल्द किया जाएगा। छात्रहित हमारे लिए सर्वोपरी है।

-प्रो.राजीव चौधरी, जनसंपर्क प्रभारी, रविवि

### छात्रों का आवेदन लिखने से इनकार

*परीक्षा दिलाने आए बीएएलएलबी छात्रों का कहना है कि गलत प्रश्नपत्र थमा दिए जाने के बाद जब छात्रों द्वारा विरोध किया गया तो विश्वविद्यालय प्रबंधन द्वारा कहा गया कि वे आवेदन लिखकर दें कि वे आज परीक्षा नहीं दिलाना चाहते हैं। इसका भी छात्रों द्वारा विरोध किया गया और किसी तरह के आवेदन लिखे जाने से विद्यार्थियों द्वारा इनकार कर दिया गया। मामले को बढ़ता देखकर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.शैलेंद्र पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। छात्रों को समझाइश देकर बगैर परीक्षा दिलाए भेजा गया।*

## ट्रेन रद्द होने से बसों के जरिए रायपुर पहुंच रहा है व्यापारियों का सामान

# ट्रेनें रद्द, अब 'बस' बनी मालवाहक भोपाल-नागपुर से पहुंच रहा सामान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून सीजन से पहले ट्रेनों के लगातार रद्द होने से शहर के व्यापारियों का सामान महानगरों से समय पर रायपुर नहीं पहुंच रहा है। 13 जुलाई तक 100 ट्रेन विभिन्न रूट में रद्द हैं। ऐसे में अब व्यापारियों ने बसों को ही माल वाहक बना लिया है। दिल्ली, भोपाल, नागपुर और हैदराबाद समेत अन्य महानगरों की बसों में बड़ी संख्या में व्यापारियों का सामान पहुंचने लगा है। आलम यह है कि बसों में यात्रियों के साथ अब लगेज भी ओवरलोड होने लगा है। जून में लगातार ट्रेनों के रद्द होने से दूसरे राज्यों से सामान आने में समय लग रहा है। सुबह और रात के समय रायपुर पहुंच रही बसों की छत पर भारी सामान देखने को मिल रहा है। बस संचालकों का भी कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने पर कपड़े, जूते और स्टेशनरी के साथ फैंसी चीजों के व्यापारी बसों के जरिए सामान भिजवा रहे हैं।

**खास बातें**

- बसों में अब यात्रियों साथ लगेज भी हुआ ओवरलोड
- नियमों की अनदेखी कर बसों की छत पर ढो रहे सामान, दुर्घटनाओं से नहीं लिया सबक




### अंबिकापुर और दंतेवाड़ा रूट पर ओवरलोड अधिक

*बसस्टैंड से अंबिकापुर और राजिम, महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे अधिक बसें चलती हैं। अंबिकापुर जाने के लिए देर रात तक लग्जरी बसों के साथ सामान्य बसें चल रही हैं। दोनों रूट पर चलने वाली बसों में ओवरलोड लगेज जमकर ढोया जा रहा है। दंतेवाड़ा रूट पर भी 3 से 5 फीट तक बसों की छतों पर सामान भरा जा रहा है। बसों की छतों पर ओवरलोड लगेज लाने और ले जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की जिम्मेदारी यातायात पुलिस व आरटीओ की है, लेकिन शहर के भीतर से गुजरने वाली और नया बसस्टैंड से प्रतिदिन दूसरे राज्यों और जिलों के लिए रवाना होने वाली बसों की जांच नहीं होने से बस संचालकों के हौसले बुलंद हो चुके हैं।*

### बसों की छत पर 5 फीट तक लगेज

*शहर में परिवहन के नियमों को ताक पर रखकर बस संचालक यात्रियों के साथ भारी लगेज भी ढो रहे हैं। इससे हर समय दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। बसों में यात्री से ज्यादा अब व्यापारियों का सामान चढ़ाया जा रहा है। भाठागांव बसस्टैंड से यूपी, बिहार, भोपाल, नागपुर, झारखंड समेत कई राज्यों के लिए बसें चलती हैं। इनमें खासकर यूपी और झारखंड जाने वाली बसों के साथ अंबिकापुर, राजिम और महासमुंद, दंतेवाड़ा रूट पर सबसे ज्यादा लगेज ढोए जा रहे हैं। दूसरी ओर कई बसों की छत पर 3 से 5 फीट तक सामान रखा जा रहा है। मानसून को लेकर व्यापारियों का लगेज सामान ट्रेन रद्द के बाद से बढ़ा है। यह यात्रियों की परेशानी के साथ हादसे की वजह भी बन रहा है। बसों की छत पर लगेज लादने और उतारते समय यात्रियों को भी खासी परेशानी हो रही है, लेकिन गंतव्य तक जाने की मजबूरी में कुछ कह नहीं पाते।*

# रेत घाट मौत मामले में तीन गिरफ्तार, तीन की पतासाजी

## जेसीबी मशीन से दबकर युवक की हुई थी मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खबर का असर

गोबरानवापारा थाना क्षेत्र में नदी में अवैध रूप से रेत उत्खनन करने के दौरान मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, घटना में शामिल तीन अन्य की तलाश जारी है। घटना तीन दिन पुरानी है। पुलिस को रेत घाट में अज्ञात युवक की लाश मिली थी। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर पुलिस ने मृतक की शिनाख्त की। इसके बाद मौत के कारणों का पता लगाने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। उल्लेखनीय है कि रेत घाट में अवैध उत्खनन करने के दौरान युवक की मौत मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया है। इसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पारागांव रेत खदान में रेत उत्खनन करने के दौरान जेसीबी मशीन से दबकर अभनपुर निवासी राजेश यादव की मौत हुई थी। पुलिस ने राजेश की मौत मामले में अभनपुर निवासी जयवर्धन बघेल, बेमेतरा निवासी निलेश सिंह राजपूत तथा दुर्ग निवासी विमलेश द्विवेदी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा घटना में शामिल फरार आरोपी मुकेश ढीढी, अंकित तिवारी तथा अज्जू उर्फ जबाहिर कर्ष की पतासाजी कर रही है। पुलिस के अनुसार जेसीबी मशीन में दबने से राजेश की दिल की धड़कन रुकने से मौत हुई है। पुलिस ने खनिज अधिकारी द्वारा लिखे पत्र के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# सिख ड्राइवर का अपमान दो आरक्षक निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र के इंटर स्टेट बस टर्मिनल में बस में सो रहे एक सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर तथा बाल खींचकर मारने के आरोप में एसएसपी संतोष सिंह ने दो आरक्षकों को निलंबित करने का आदेश जारी किया है। सिख ड्राइवर की पगड़ी उतारकर मारने की घटना के विरोध में सिख समाज के साथ ड्राइवर एसोसिएशन ने एसएसपी के पास लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत पर एसएसपी ने आरक्षकों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है। घटना आठ-नौ जून दरमियानी रात की है। बस ड्राइवर बहादुर सिंह की पगड़ी उतारने तथा मारपीट करने के आरोप में एसएसपी ने आरक्षक चंद्रभान भदोरिया, सुरजीत सिंह सेंगर को निलंबित किया है। बस ड्राइवर के मुताबिक घटना दिनांक को वह बस के अंदर सो रहा था, इस दौरान दोनों आरक्षक उसके पास पहुंचे और उससे वहां रहने का कारण पूछा। तब बहादुर ने आरक्षकों को बताया कि वह महेंद्रा ट्रैवल्स का ड्राइवर है और वह बस में ही सोता है। इस पर आरक्षकों ने बहादुर से गाली-गलौज करने के साथ बदसलूकी की। गाली-गलौज करने का विरोध करने पर मौके पर आरक्षकों ने बहादुर की पगड़ी खोलकर मौके पर ही मारपीट कर थाना ले आए और वहां उसकी पट्टे से पिटाई करते हुए प्रतिबंधित धारा लगाकर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

- घटना टिकरापारा इंटर स्टेट बस टर्मिनल की

# मानसून से पूर्व नाले-नालियों की शत प्रतिशत करें सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बारिश के दिनों में शहर में अनेक स्थानों पर जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। ज्यादातर जलभराव नाली-नालों की सफाई नहीं होने तथा पानी निकासी के रास्ते बंद होने के कारण होता है। बारिश के दिनों में ऐसी कहीं स्थिति निर्मित नहीं हो, इसके लिए नगर निगम नाली-नालों की सफाई का अभियान चला रहा है, साथ ही जलभराव जैसे हालातों से निपटने के लिए सभी जोन कार्यालयों में बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ की टीम भी बनाई गई है। महापौर एजाज ढेबर ने शुक्रवार को सभी नाली-नालों की सफाई और जलभराव से निपटने की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि जहां भी नाली-नालों की सफाई नहीं है, वहां बारिश से पूर्व सफाई करा लें तथा जलभराव से निपटने के लिए टीम को भी तैयार रखें। महापौर ने निगम मुख्यालय में सभी जोन कमिश्नरों एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही भी उपस्थित रहीं। उन्होंने बैठक में मानसून के दौरान सुगम निकास प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी ली एवं इसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी ने महापौर को जानकारी दी कि अब तक नाले-नालियों की 2 चरणों में सफाई का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वहीं तीसरे चरण का काम जारी है।

- जलभराव से निपटने तैयार रखें टीम

# नहीं हो रही बारिश, सरगुजा समेत रायपुर में ग्रीष्मलहर के हालात

## मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून की गति धीमी और बारिश नहीं होने की वजह से सरगुजा और रायपुर संभाग में ग्रीष्मलहर के हालात बन गए हैं। दिन और रात का तापमान सामान्य से छह डिग्री तक अधिक होने की वजह से यहां तेज गर्मी पड़ रही है। मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्द सक्रिय होने के आसार नहीं हैं। राज्य में अभी नमी की मात्रा पचास फीसदी तक सीमित है और क हीं - क हीं बारिश हो रही है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी राज्य में व्यापक रूप से बारिश की स्थिति नहीं बन पाई है। तापमान बढ़ने पर शाम होते ही अलग-अलग स्थानों पर अंधड़ के साथ वर्षा हो रही है। शुक्रवार की शाम जशपुर और राजनांदगांव में इस तरह के हालात बने। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार जब तापमान चालीस डिग्री से अधिक और पारा सामान्य से पांच से छह डिग्री तक अधिक होता है, तो उस इलाके में ग्रीष्मलहर के हालात बन जाते हैं। दोनों परिस्थिति सरगुजा और रायपुर में बनी हुई है। शुक्रवार को रायपुर का पारा 41 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री अधिक था। वातावरण में केवल पचास प्रतिशत नमी होने की वजह से धूप का प्रभाव काफी विचलित करने वाला था। सुकमा के बाद बीजापुर तक पहुंचे मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में सक्रिय होने के लिए कुछ और वक्त लगने की संभावना है। पिछली बार की तरह पूरे प्रदेश में इसके 23 जून के बाद ही असर दिखाने के आसार बन रहे हैं।

- मानसून के पूरे छत्तीसगढ़ में जल्दी सक्रिय होने की कम है गुंजाइश
- दिन के साथ रात का तापमान भी सामान्य से ज्यादा, नमी 50 फीसदी




### तापमान में गिरावट के आसार


मौसम विशेषज्ञों के अनुसार अभी राज्य के ज्यादातर स्तर पर गरज-चमक की स्थिति बनी हुई है। कहीं-कहीं ही तेज बारिश हो रही है। पिछले चौबीस घंटे में घरघोड़ा में चार, सराईपाली में तीन और बसना में एक सेमी. वर्षा हुई है। वहीं कुछ एक स्थानों पर बूंदाबांदी जैसी स्थिति बनी हुई है। अगले चौबीस घंटे में एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है।

## जुलाई अंत तक होंगे महाविद्यालयों में दाखिले

# 48 घंटे बाद शुरू होगी अर्जी, पहली मेरिट लिस्ट 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश संबंधित प्रक्रियाओं के लिए शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, रविवि से संबद्ध महाविद्यालयों में दाखिले के लिए आवेदन 17 जून से प्रारंभ हो जाएंगे। इस बार भी आवेदन केंद्रीकृत ही होगा, अर्थात सभी महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन रविवि के पोर्टल में जाकर ही किए जाएंगे। विश्वविद्यालय के पोर्टल में आवेदन करने के दौरान छात्रों को पांच विकल्प का चयन करना होगा। अपनी प्राथमिकता के आधार पर छात्र पांच महाविद्यालयों का चयन कर सकेंगे। छात्रों द्वारा जिन पांच कॉलेजों का चयन किया गया है, उन महाविद्यालयों को छात्रों के नाम भेजे जाएंगे। महाविद्यालय द्वारा रविवि से प्राप्त छात्रों की सूची के आधार पर मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। छात्रों का चयन पिछली कक्षाओं में प्राप्त अंकों के आधार पर होगा। इसके बाद छात्रों को निर्धारित अवधि में संबंधित महाविद्यालय में प्रवेश लेना होगा। इसी तरह दूसरे और तीसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण होगी। विश्वविद्यालय द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार, महाविद्यालयों में दाखिले जुलाई अंत होंगे। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी किए गए शैक्षणिक कलैंडर के अनुसार, जुलाई अंत तक प्रवेश के बाद 14 अगस्त तक कुलपति की विशेष अनुमति से प्रवेश दिए जा सकेंगे।



### 31 जुलाई के बाद खोल दी जाएंगी सीटें

*रविवि द्वारा जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, 31 जुलाई को रिक्त स्थान सभी वर्गों के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके बाद छात्रों को पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिए जाएंगे। रिक्त सीटों को महाविद्यालय के प्राचार्य नियमानुसार अपने स्तर पर पूर्ण करेंगे। इसके साथ ही रविवि द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि विवि की लिखित अनुमति लिए बगैर कोई भी महाविद्यालय ऑफलाइन प्रवेश प्रदान नहीं करेंगे। गौरतलब है कि इस सत्र से महाविद्यालयों में चार वर्षीय सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली आधारित स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया है।*

### ऐसा है शेड्यूल

**प्रथम चरण**

आवेदन प्रारंभ : 17 से 25 जून
महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 25 जून
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 26 जून
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 26 जून से 8 जुलाई तक

**द्वितीय चरण**

महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 8 जुलाई
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 9 जुलाई
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 9 जुलाई से 18 जुलाई तक

**तृतीय चरण**

महाविद्यालयों को सूची प्रदान करने की तिथि : 18 जुलाई
कॉलेजों द्वारा मेरिट लिस्ट जारी किए जाने की तिथि : 19 जुलाई
महाविद्यालयों में प्रवेश लेने की तिथि : 19 जुलाई से 31 जुलाई तक

# ई-वे बिल प्रावधानों का पालन अनिवार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जीएसटी राज्य कर विभाग ने सिविल लाइंस स्थित संभागीय कार्यालय में महात्मा गांधी मीटिंग हॉल में ट्रांसपोर्टरों की सुविधा के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान उनकी सुविधा के लिए ई-वे बिल के प्रावधानों की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि 24 मई 2024 को शासन की उस अधिसूचना को विखंडित कर दिया गया है, जिसमें ई-वे बिलों में छूट दी गई थी। अब राज्य में 50 हजार से अधिक मूल्य के सामान के परिवहन पर ई-वे बिल जारी करना अनिवार्य है। विभाग के कर अधिकारी नरेंद्र गोस्वामी ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि नए प्रावधानों के संबंध में ट्रांसपोर्टरों से विस्तृत चर्चा किए जाने के बाद उन्होंने इस पर संतोष जताया तथा नए प्रावधानों के अनुसार कार्य करने की सहमति जताई है। अधिकारियों ने भी उन्हें किसी भी तरह की परेशानी का निदान करने का आश्वासन दिया है।

- ट्रांसपोर्टरों के लिए जीएसटी विभाग की कार्यशाला

## खबर संक्षेप

### सप्रे जयंती पर वरिष्ठ पत्रकार गिरिजाशंकर का सम्मान 19 को

**रायपुर।** चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी



महाराज सभागृह में पं. माधवराव सप्रे जयंती समारोह 19 जून को शाम 5 बजे आयोजित है। इस मौके पर भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार गिरिजाशंकर का छत्तीसगढ़ मित्र पं. माधवराव सप्रे साहित्यिक पत्रकारिता सम्मान से अभिनंदन किया जाएगा। पं. माधवराव सप्रे शोध संस्थान के सचिव डॉ. सुधीर शर्मा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि गिरिजाशंकर का 'हिंदी की साहित्यिक पत्रकारिता' पर व्याख्यान भी होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ मित्र पत्रिका के संपादक डॉ. सुशील त्रिवेदी करेंगे। विशिष्ट अतिथि महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय काले और प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर होंगे। छत्तीसगढ़ साहित्यिक एवं संस्कृति संस्थान, महाराष्ट्र मंडल रायपुर और छत्तीसगढ़ मित्र के संयुक्त आयोजन में छत्तीसगढ़ मित्र पत्रिका के जून 2024 अंक का विमोचन भी किया जाएगा।

### बीजिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करने मनन का चयन

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी विज्ञान ओलंपियाड चयन सेमिनार के समापन अवसर पर बीजिंग चीन में



आईईएसओ-2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए छत्तीसगढ़ रायपुर के मनन सेठिया का चयन किया गया है। कड़े प्रशिक्षण के बाद चुने गए छात्र पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के लिए राजदूत के रूप में काम करेंगे।

### नीट फर्जीवाड़ा, गृहमंत्री का पुतला दहन

**रायपुर।** नीट में गड़बड़ी को लेकर एनएसयूआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन घड़ी चौक में किया। प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा ने कहा, जल्द ही इस पर सरकार की ओर से कोई निर्णय नहीं हुआ तो वे अभ्यर्थियों के साथ राजभवन तक पैदल मार्च करेंगे। एक ही परीक्षा केंद्र से कई बच्चों को 720 में से 720 अंक मिले हैं। यदि किसी तरह की गड़बड़ी नहीं हुई है तो सरकार को सीबीआई जांच करवानी चाहिए। प्रदर्शन में मेहताब हुसैन, विशाल कुकरेजा, कुणाल दुबे, हरिमोम तिवारी, वैभव मुजेवार सहित अन्य शामिल रहे।

### कार्य में लापरवाही पर बिजली विभाग कुनकुरी के एई और जेई निलंबित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने काम में लापरवाही करने वालों पर गाज गिराने का क्रम प्रारंभ कर दिया है। कुछ दिनों पहले ही पॉवर कंपनी के अध्यक्ष पी. दयानंद ने अधिकारियों की बैठक में काम में लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई करने की बात की थी, अब इस पर अमल प्रारंभ हो गया है।
कुनकुरी शहर में विद्युत सुधार संबंधी कार्यों में लापरवाही बरतने के लिए कुनकुरी में पदस्थ सहायक यंत्री आरआर साहू तथा कनिष्ठ यंत्री दिनेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के मुख्य अभियंता अंबिकापुर शिरीष सेलट द्वारा जारी आदेशानुसार के मुताबिक कार्यपालन यंत्री (संचालन-संचारण) संभाग जशपुर, अधीनस्थ कार्यालय सहायक यंत्री उपसंभाग कुनकुरी में पदस्थ आरआर साहू सहायक यंत्री को कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय कार्यालय अधीक्षण यंत्री, वृत्त बैकुंठपुर निर्धारित किया गया है। इसी तरह अधीक्षण यंत्री अंबिकापुर आर.के मिश्रा द्वारा जारी आदेशानुसार कार्यपालन यंत्री (संचालन-संधारण) संभाग जशपुर अधीनस्थ कार्यालय कनिष्ठ यंत्री वितरण केंद्र कुनकुरी में पदस्थ दिनेश कनिष्ठ यंत्री को कार्य में लापरवाही बरतने एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए निर्देशों की अवहेलना के फलस्वरूप तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय कार्यपालन यंत्री (संचालन-संधारण), संभाग बलरामपुर निर्धारित किया गया है।

## उत्साह : भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद को लड्डुओं से तौला

# नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी का हुआ जगह-जगह भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने के बाद पहली बार नगर आगमन पर रूप कुमारी चौधरी का आतिशबाजी एवं बाजे गाजे के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। स्वागत एवं आभार रैली घंटेश्वरी मंदिर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक में समाप्त हुई। जगह-जगह मंच सजा कर विभिन्न समाज द्वारा नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत किया गया। सांसद चौधरी खुली जीप में सवार होकर लोगों का अभिवादन स्वीकार करने के साथ-साथ जनता के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करती रही।

आभार रैली का स्वागत घटेश्वरी मंदिर के पास बाबा बिसाशहे कुल कोलता समाज के संभागीय अध्यक्ष गिरधारी साहू के नेतृत्व में कोलता समाज द्वारा स्वागत किया। पश्चात जनपद पंचायत के समक्ष जनपद अध्यक्ष कुमारी भास्कर व उपाध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे, ढोल नगाड़े कर्मा पार्टी की अगुवाई में निकले आभार रैली का अखिल भारतीय अघरिया समाज सरायपाली के अध्यक्ष नेहरू पटेल व फुलझर अघरिया समाज विकास समिति के अध्यक्ष गंगाराम पटेल की अगुवाई में वन विभाग कार्यालय के सामने बालूसाही से सांसद रुपकुमारी को तौला गया और सामाजिक जनों के द्वारा मुंह मीठा कर उन्हें स्वागत किया, बस स्टैंड के पास बस यूनियन की ओर से उन्हें आत्मीय स्वागत किया वहीं गौड ब्राह्मण समाज के द्वारा अंकित लाज के पास स्वागत किया गया।



कब्रिस्तान के सामने मुस्लिम समाज के द्वारा व हनुमान मंदिर के पास शरबत पिलाकर, भवानी इलेक्ट्रिकल के पास स्वल्पाहार व्यवस्था कर, धर्म वस्त्रालय के पास केला से तौलकर व अग्रवाल सभा सरायपाली के द्वारा राम मंदिर के सामने, भरत लाल कपड़ा दुकान के समीप युवा भाजपा कार्यकर्ता व संगम सेवा समिति के संस्थापक प्रखर अग्रवाल के नेतृत्व में सांसद रूपकुमारी चौधरी का स्वागत किया गया। जय स्तंभ चौक के पास भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत समारोह का भी आयोजन किया गया था, जहां सांसद रुपकुमारी चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं व विभिन्न समाज के द्वारा नगर आगमन पर बहुत ही उत्साह एवं जुनून के साथ स्वागत किया उसके लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि भरी गर्मी में सभी कार्यकर्ताओं ने जी तोड़ मेहनत कर जो ऐतिहासिक रिजल्ट दिलवाया वह सब आप लोगों के मेहनत, परिश्रम का परिणाम है कि लोकसभा में पहली बार इतने विशाल अंतर से जीत दर्ज किए हैं, अभी तक हम सभी विधानसभा में लीड नहीं ले पा रहे थे एक दो विधानसभा में पीछे रहते थे, लेकिन आप सब लोगों की मेहनत व परिश्रम के चलते लोकसभा के सभी आठों विधानसभा में हमने लीड लेकर रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज की है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के कार्यकाल को हमने देखा है, वे देश के लिए 18 से 20 घंटे काम करते है, आप लोगों के इच्छा अनुरूप भाजपा के ऊपर किए भरोसा के चलते प्रधानमंत्री तीसरी बार 9 जून को प्रधानमंत्री का पद ग्रहण किए हैं, आप लोगों के द्वारा चुनकर मुझे सांसद बनाकर केंद्र में भेजे हैं, जो जिम्मेदारी दी गई है, आप सभी लोगों के आशीर्वाद व सहयोग से आप लोगों के अपेक्षा के अनुरूप कार्य करते हुए खरा उतरूंगी। कार्यक्रम को कार्यवाहक जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं व मतदाताओं ने जो समर्पण देकर भाजपा का हाथ मजबूत किया है उसके लिए सभी को बहुत-बहुत आभार, भाजपा के ऊपर आप लोगों के द्वारा किया गया भरोसा से हमारे क्षेत्र, प्रदेश व देश का विकास होगा, और हम सभी आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, प्रधानमंत्री की तीसरी कार्यकाल में हर निर्धन गरीब परिवार को पक्का मकान मिलेगा, कार्यक्रम का संचालन भाजपा प्रदेश मंत्री कामता पटेल व आभार प्रदर्शन विपीन उपोवेजा ने किया।

### इन्होंने किया स्वागत

जयस्तंभ चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं की ओर से रखे स्वागत समारोह में सांसद रूप कुमारी चौधरी को लड्डू से तौला गया व नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल के नेतृत्व में सभी भाजपा पार्षदों के द्वारा व संगठन की ओर से सभी ने गजमाला से स्वागत किया। इस दौरान पूर्व विधायक रामलाल चौहान, हरिदास भारद्वाज, बिहारी अग्रवाल, छतर सिंह नायक, विपिन उपोवेजा, कामता पटेल, धनेश नायक, गंगाराम पटेल, जेपी यादव, गुंजन अग्रवाल, स्वर्ण सिंह सलूजा, विदित धनानिया व बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। भाजपा सांसद रूपकुमारी चौधरी कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को करीब एक लाख 45 हजार से अधिक वोटों से पराजित कर महासमुंद जिले से प्रथम महिला सांसद निर्वाचित हुई। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय क्षेत्र की जनता को दिया है। उन्होंने क्षेत्रवासियों द्वारा की गई इस ऐतिहासिक स्वागत से अभिभूत होकर बार-बार उनके प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। क्षेत्र की जनता भीड़ फुलझर अंचल से पहली बार सांसद चुने जाने पर काफी उत्साहित है। संसद के साथ-साथ एनडीए की सरकार बनने से भाजपा कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह झलक रहा था।

# महासमुंद की जनता ने जो इतिहास रचा है, इस बार हम विकास का इतिहास रचेंगेः रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

लोकसभा चुनाव-2024 महासमुंद संसदीय सीट से छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को रिकार्ड आज तक सबसे बड़े अंतर 1.45 लाख वोटों से हराते हुए नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी का प्रथम गृह नगर बसना आगमन पर आमजन, समर्थकों, पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों सहित सर्व समाज के लोगों ने भव्य स्वागत किया।

वर्ष 1952 से 72 वर्ष लंबे अंतराल के बाद महासमुंद संसदीय सीट में पहली महिला सांसद बनने के बाद स्वागत के लिए लोगों में अलग ही खुशी देखने को मिली। जहां बसना-अरेकेल राष्ट्रीय राजमार्ग-53 बाईपास पहुंचकर लोगों ने गमछा, फूलों की माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर गर्म जोशी के स्वागत किया। विजय जुलूस में महिलाएं ज्यादा उत्साहित नजर आयी।

स्वागत के दौरान जनपद चौक में जनपद पंचायत परिवार, सर्व समाज द्वारा, अग्रसेन भवन के सामने अघरिया समाज, कोलता समाज, सतनामी समाज, अग्रवाल नर्सिंग होम परिवार द्वारा बस स्टैंड में नगर पंचायत परिवार, फुलझर डड़सेना कलार समाज, देवांगन समाज, टैक्सी यूनियन शहीद वीर नारायण चौक में अग्रवाल सभा, अग्रवाल समाज, मारवाड़ी युवा मंच, श्रीराम जानकी मंदिर समिति, फुलझर परिक्षेत्र बंजारा समाज, सिद्ध संकट मोचक हनुमान मंदिर, सतनामी समाज, पूज्य सिंध पंचायत, मानिकपुरी पनका समाज, व्यापारी संगठनों, संस्थाओं एवं सामाजिक संगठनों ने भी स्वागत करते हुए लड्डू और फलों से तौलकर स्वागत किया।

सभा स्थल में नवनिर्वाचित सांसद रूपकुमारी चौधरी ने भारत



माता, पं.दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा पर फूलों की माला पहनाकर व पूजा अर्चना की। बाद जनसभा को संबोधित कहा कि महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जनता जो इतिहास रचा है, निश्चित ही इस बार विकास का इतिहास रचेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के बाद प्रथम बसना नगर आगमन पर रूपकुमारी चौधरी ने आम जनता को आशीर्वाद और अभूतपूर्व स्वगात के लिए हाथ जोड़कर जनता का आभार व्यक्त किया। वहीं बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर जीत पर हर्ष जताया।

इस दौरान विशाल जनसमूह को विधायक डॉ. संपत अग्रवाल संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की नीतियों एवं राष्ट्रहित में किए जा रहे कामों पर विश्वास जताते हुए ऐतिहासिक विजय के जनता का आभार व्यक्त करते हुए आगे कहा कि भाजपा जो वादे करती हैं, उन्हें पूरा करती है। इस विचारधारा के साथ चलती है और हर व्यक्ति के जीवन में विकास की नई रोशनी फैलाने का काम करती है। डबल इंजन की सरकार में बसना विधानसभा का विकास कार्यों को गति मिलेगी निश्चित ही रूपकुमारी चौधरी के सांसद बनने के बाद हमारी आवाज और समस्याओं को दिल्ली तक पहुंचाएगी।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस दौरान बसना विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल, कार्यकारी जिलाध्यक्ष संजय शर्मा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, सतीश अग्रवाल, एनके अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, ओमप्रकाश चौधरी, जितेन्द्र त्रिपाठी, सतपाल सिंह छाबड़ा, रूखमणी पटेल, वृदावती पांडे, गजेन्द्र साहू, सुमित अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, माधव साव, हरप्रसाद पटेल, कृष्ण कुमार साहू, हरप्रसाद पटेल, अभिमन्यु जायसवाल, अखिलेश भोई, मथामणी बढ़ाई, कुमारी भास्कर, नरेन्द्र साहू, प्रहलाद साहू, रामकुमार, हेमकुमारी नायक, बसन्ती प्रधान, कैलाश अग्रवाल, रामलाल मलिक, मनोज बारीक, भानुमति बारीक, गायत्री डड़सेना, नवीन कुमार साव, नरहरी पोर्ते, राजेन्द्र पटेल सहित बड़ी संख्या भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम के प्रभारी टिकेलाल साव के नेतृत्व में हुआ। संचालन रमेश अग्रवाल ने किया।

## सहारा इंडिया का कार्यालय खुलवाकर निवेशकों का भुगतान किया जाए- पंकज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सहारा पीड़ित जमाकर्ता एवम कार्यकर्ता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता पंकज सोनी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के 8 से 10 लाख परिवारों को उनकी गाढ़ी कमाई का पैसा जो वर्ष 2012 से लंबित है सहारा रिफंड पोर्टल को बंद करके सीधे सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के जोनल एवम सेक्टर कार्यालय खुलवाकर उनका बांड, एवं अन्य दस्तावेज सरल प्रक्रिया से लेते हुए मोदी, की गारंटी क्रमांक 17 के अनुसार भुगतान करवाने हेतु पत्र लिखा है।



श्री सोनी ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि छत्तीसगढ़ राज्य में पिछली भूपेश सरकार ने भी अपने घोषणा पत्र में पीड़ित निवेशक साथियों को संपूर्ण भुगतान का वादा किया था लेकिन सहारा इंडिया के विषय में उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार का मामला है हवाला देते हुए अपने ही राज्य में सुब्रत राय की कंपनी सहारा इंडिया के डायरेक्टर, जोनल मैनेजर, शाखा प्रबंधक पर पीड़ितो नें सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में बीते 5 वर्षो में जन आंदोलन, धरना, प्रदर्शन, अनशन करते हुए निरंतर अहिंसात्मक तरीके से शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करवाया और सहारा संगठन, छत्तीसगढ़ प्रदेश के बैनर तले महासमुंद, रायगढ़, भिलाई, दुर्ग में ही सहारा कंपनी के विरुद्ध धोखाधड़ी, जालसाजी एवं निवेशकों को निरंतर गुमराह करने की धाराओं को पंजीबद्ध करते हुए एफआईआर दर्ज करवा पाए, अन्य जिलों में भी आंदोलन हुए लेकिन पुलिस थाने में आम निवेशकों की एफआईआर, सहारा के विरुद्ध नहीं लिखी गई। पूर्ववर्ती सरकार ने संबंधित भ्रष्ट आचरण में लिप्त सहारा को संरक्षण दिया और उनके डायरेक्टर साथियों को आज तक गिरफ्तार नहीं किया गया जिससे प्रदेश के लाखो निवेशक आज तक न्याय के लिए, दर दर की ठोकर खाने एवम अपने ही पैसे को लेने के लिए पूर्णतः लाचार एवम आर्थिक रूप से विवश है।

पोर्टल में पारदर्शिता एवं नोटिफिकेशन की कमी है। कब कितनी राशि कैसे मिलेगी , यह पूर्णतः स्पष्ट नहीं है। श्री सोनी ने बताया कि इस पोर्टल में नियमावली, एवम भुगतान की प्रक्रिया बहुत ज्यादा जटिल है। भुगतान का प्रतिशत निकाले तो 1 प्रतिशत निवेशक भी इस प्रणाली से लाभान्वित नहीं हो पाए। इसे बंद करना इसलिए भी जरूरी है कि इसमें, वित निवेशक ही आवेदन कर पाए और जिनकी मृत्यु हो गई है उनकी नॉमिनी को भी ऑनलाइन प्रक्रिया में आवेदन करने से वंचित किया गया जो कि बहुत ही अव्यावहारिक एवं अन्यायपूर्ण है।

# नवनिर्वाचित सांसद का कल आगमन, स्वागत अभिनंदन की तैयारी में भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




महासमुंद लोकसभा की नवनिर्वाचित सांसद रूपकुंमारी चौधरी के महासमुंद शहर आगमन को लेकर स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर, जिला भाजपा कार्यालय में शहर मंडल के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की आवश्यक बैठक संपन्न हुई।

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि आगामी 17 जून को महासमुंद की प्रथम महिला नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी का प्रथम नगर आगमन हो रहा है। योगेश्वर सिन्हा ने कहा कि 6 महीने पहले आप सभी के परिश्रम से छग में 5 साल के कांग्रेस सरकार के कुशासन का अंत हुआ था, उस वक्त जिस प्रकार शहर में उत्साह और हर्ष का माहौल निर्मित हुआ था। वो उत्साह आज प्रधानमंत्री नरेंद मोदी की लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री और सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी के ऐतिहासिक जीत से आज दोगुना हो गया है।

पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि सभी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं ने प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर अपने विश्वास की मुहर लगाई है और छग प्रदेश में 10 सीटों का योगदान केंद्र की भाजपा सरकार बनाने में यहा की जनता ने जनता ने दिया है। पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर ने सांसद रूपकुमारी चौधरी के आगमन पर स्वागत आभार रैली को सफल बनाने सभी कार्यकर्ताओं को जुटने का आह्वान किया।

पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं ने जिस प्रकार कुशल बूथ मैनेजमेंट से इस बार फिर से हर बूथ पर विजय के संकल्प के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान संपन्न करके लीड सुनिश्चित की है वो प्रशंसनीय है। आगामी कुछ महीनों में नगरीय निकाय चुनाव की बारी आने वाली है जिसमे हम सभी को फिर से यही प्रदर्शन दोहराना होगा। डॉ विमल चोपड़ा ने सांसद के प्रथम आगमन पर स्वागत कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वार्डवार बैठक लेकर कार्यकर्ताओ की उपस्थिति सुनिश्चित करने की अपील किया।

जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने भी अपने संबोधन में नवनिर्वाचित सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की जीत में महासमुंद जिले की विधानसभाओं में सहयोग के लिए कार्यकर्ताओं और मतदाताओं का आभार धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पिछले विधानसभा चुनावों के बाद लोकसभा की ये जीत हम सभी के लिए उत्साहवर्धक है। केंद्र और राज्य में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बन चुकी है और ऐसे संयम में जनता की अपेक्षाओं को पूरा करने की हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ गयी है।

विधानसभा सह संयोजक संदीप दीवान ने 17 जून को सांसद रूपकुमारी के आगमन और उनके स्वागत आभार रैली कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद शहर प्रवेश पर तुमगांव रोड स्थित मां शारदा मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात रैली के रूप में सांसद रूपकुमारी का शहर के मुख्य मार्गों में भ्रमण कार्यक्रम है जिसमे वो शहर की जनता का अभिवादन और धन्यवाद ज्ञापित करती हुईं शामिल रहेंगी। 16 जून को हम सभी को मिलकर शहर के विभिन्न स्थानों पर स्वागत और रैली की सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करना है। शहर मंडल की इस बैठक का संचालन महामंत्री प्रकाश शर्मा और आभार वरिष्ठ पार्षद श्रीमती मीना वर्मा ने किया।

### तैयारी के लिए नियुक्त किए गए वार्ड प्रभारी

वार्ड 1 - देवीचंद राठी, हेमलता केसरवानी, वार्ड 2 - श्रीमती सुजाता विश्वनाथन, राहुल चंद्राकर, वार्ड 3 - श्रीमती अनिता रावटे, गणेश नायक, वार्ड 4- संदीप दीवान, अनुज पांडे, वार्ड 5- प्रकाश शर्मा, आनंद गोस्वामी, वार्ड 6 - पूनम चंद्राकर, डा विमल चोपड़ा, वार्ड 7- सतपाल सिंघ पाली, एमआर विश्वनाथन, वार्ड 8- मीना वर्मा, हाफिज कुरैशी, वार्ड 9- महेंद्र सिक्का, राकेश श्रीवास्तव, वार्ड 10- मोहन साहू, हनीश बग्गा, माखन पटेल, वार्ड 11- उत्तर प्रहरे, पवन वर्मा, वार्ड 12- पवन साहू, प्रलय थिटे, वार्ड 13- निरंजन शर्मा, मुन्ना साहू, वार्ड 14- देवेंद्र चंद्राकर, प्रकाश शर्मा, वार्ड 15 - प्रदीप चंद्राकर, दिनेश रूपरेला, वार्ड 16- चंद्रहास चंद्राकर, विष्णु चंद्राकर, राकेश श्रीवास्तव, गणेश चौहान, वार्ड 17- नंदू जलक्षत्री, ऋषभ बाफना, वार्ड 18- इंद्रजीत सिंह गोल्डी, शंकर चंद्राकर, आकाश पांडे, वार्ड 19- कौशल्या बंसल, पवन पटेल, वार्ड 20- महेंद्र जैन, अमन वर्मा आदि होंगे।

वार्ड 21- रमेश साहू, मुन्ना देवार, वार्ड 22- हेमलता यादव, सुरेखा कंवर, वार्ड 23- राजेंद्र चंद्राकर, अरविंद प्रहरे, वार्ड 24- प्रलय थिटे, संदीप घोष, वार्ड 25- लाल विजय सिंह, मनीष शर्मा, वार्ड 26- मनीष शर्मा, श्रीमती शुभ्रा शर्मा, वार्ड 27- श्रीमती सुधा साहू, श्रीमती मधु यादव, प्रीति सोनी, वार्ड 28- महेंद्र जैन, नागेंद्र नशीने, वार्ड 29- विधायक माननीय योगेश्वर राजू सिंहा, इंद्रजीत सिंह गोल्डी, सुधा साहू, वार्ड 30 - सोनाधार सोनवानी, हिमांशु चंद्राकर होंगे।

## बरसात के पहले कच्चे मकानों की मरम्मत में जुटे ग्रामीण



नर्रा। क्षेत्र में इन दिनों बरसात लगने के पहले अंचल के गावों के कच्चे मकानों की छप्पर की मरम्मत कार्य में लोग जुटे हुए हैं। इस दौरान खपरैल को सुधारा जा रहा है। भीषण गर्मी तेज धूप के चलते सुबह से मरम्मत कार्य शुरू हो जाता है।

## जिला ग्रंथालय में समसामयिक मासिक पत्र-पत्रिका का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला प्रशासन द्वारा संचालित निःशुल्क कोचिंग नवकिरण अकादमी व ग्रंथालय में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा मासिक पत्रिका का लोकार्पण किया गया। डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय में अध्यनरत प्रतिभागियों के मांग पर मासिक पत्रिका का लोकार्पण 15 जून को विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के द्वारा किया गया। विधायक द्वारा ग्रंथालय का अवलोकन किया गया। ग्रंथालय में रखी गई पुस्तकें को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की।



जिला ग्रंथालय के नियमित पाठकों से विधायक ने चर्चा की वह समन्वयक को आवश्यक दिशा निर्देश उनके समस्याओं को समाधान के लिए निर्देश दिया गया। मुख्य रूप से वाचनालय का समय सीमा में वृद्धि तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के कारण नवकिरण वाचनालय को बंद करने की बाध्यता को समाप्त करने हेतु विधायक से निवेदन किया गया। उनके साथ मुख्य रूप से मंगेश टांकसाले, प्रदीप पांडे, आकाश पांडे, टिकेश्वर साहू, इमरान अली, महेश मक्कड़, दिलीप चंद्राकर के साथ साथ स्टाफ के समस्त शिक्षक साथी चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, राजदीप साहू, सौरभ जैन, शिवराज देवांगन, यश चक्रधारी, विवेक चंद्राकर, परस कमार, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू, देवेंद्र निषाद, अनुसुइया लोधी के साथ समस्त छात्र-छात्राएं व ग्रंथालय के पाठक आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### खरोरा में मनाया गया महेश नवमीं का पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के ओमकेश्वर महादेव में महेश नवमी का पर्व मनाया गया। भगवान ओमकेश्वर महादेव की पूजा अर्चना की गई। जिसमें मंजू चंद्राकर, रेखा चंद्राकर, अरुण धीवर, सुखिया धीवर, सुहातिन चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि हिंदू धर्म में महेश नवमी का पर्व को अनेक त्योहार के रूप से मनाया जाता है। जिनमें से एक महत्वपूर्ण पर्व है। यह भगवान शिव की आराधना का दिन है, जब शिवभक्त पूरे श्रद्धा और भक्ति भाव से महादेव की पूजा अर्चना करते हैं। महेश नवमी का यह पावन पर्व ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाता है। कार्यक्रम में ग्रामीण जुटे।

### मां खल्लारी के दर्शन करने पहुंची रूपकुमारी



**महासमुंद।** महासमुंद लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद रुपकुमारी चौधरी ने जीत के बाद खल्लारी आगमन पर खल्लारी माता के दर्शन किए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय व क्षेत्रीय कार्यकर्ता मौजूद रहे। इसके पूर्व आगमन पर सांसद का आतिशबाजी के साथ फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### समय पर भुगतान नहीं करने वालों पर स्टेट जीएसटी सख्त

**रायपुर।** राज्य में पिछले कुछ वर्षों में जिलों मे डीएमएफ मद से बड़ी संख्या मे निर्माण कार्य के लिए सामग्री क्रय की गई है, लेकिन जितना व्यय शासन द्वारा किया गया है, उस अनुपात में शासन को जीएसटी नहीं मिला है। स्टेट जीएसटी में गठित किए गए बिजनेस इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा एआई आधारित आईटी टूल्स का प्रयोग कर ऐसे व्यवसायियों का एनॉलिसिस किया जा रहा है, जिनके द्वारा शासकीय सप्लाई तो की गई है, पर जीएसटी का भुगतान नहीं किया गया है। केशकाल के भारत इन्फ्रा के व्यवसायी के प्रकरण में 91 लाख रुपए और रायपुर के श्री कृष्ण इंटरप्राइजेस में 2.5 करोड़ रुपए की कर चोरी पकड़ी गई, इसमें 1.75 करोड़ रुपए टैक्स विभाग ने वसूल लिए हैं। एक और मामला हार्टीकल्चर विभाग मे भी पकड़ा गया, जिसमें शेड नेट सप्लाई करने वाली कंपनी किसान एग्रोटेक को विभाग ने नोटिस दिया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भी व्यापारियों से अपील की है कि वे ईमानदारी से अपने टैक्स का भुगतान करें।

## शिक्षा : प्रशिक्षण में 510 प्राथमिक शिक्षक और प्रधान पाठक शामिल

# शिक्षा में गुणवत्ता के विकास के लिए एचएम और शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा



विकासखंड में प्राथमिक शाला के शिक्षकों को एक साथ विभिन्न चरणों में ब्लेंडेड मोड में फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी का प्रशिक्षण नए शिक्षा सत्र आरंभ होने के पूर्व शिक्षा गुणवत्ता में बेहतर क्रियान्वयन को लेकर 5 दिवसीय ऑन लाइन प्रशिक्षण पूर्ण करते हुए 4 दिवसीय ऑफ लाइन ब्लेंडेड मोड प्रशिक्षण तीन चरणों में आयोजित है। जिसमें विकासखंड बागबाहरा के 510 प्राथमिक शिक्षक, प्रधानपाठक शामिल है।

इस प्रशिक्षण में 3 वर्ष 8 वर्ष तक के बच्चों को नई शिक्षा नीति, निपुण भारत मिशन 2021 एवं एनसीएफ एफएस की रुपरेखा 2022 के संदर्भ में बुनियादी भाषा तथा संख्यात्मकता में निपुणता लाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। एफएलएन आधारित प्रथम चरण 10 जून से 13 जून तक तीन जोन में बीआरसीसी बागबाहरा, खैरटखुर्द, मामाभांचा में हुआ। प्रथम चरण ऑफलाइन ट्रेनिंग बहुत ही शानदार प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें उच्च अधिकारी बीआरसीसी केआर टंडन, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामता मन्नाडे, रूम टू रीड के ब्लाक प्रभारी गौतम का प्रशिक्षण के दौरान मार्गदर्शन मिल रहा है।

साथ ही भौतिक रूप से मॉनिटरिंग करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर जोर देते हुए उपस्थित शिक्षकों डाउट क्लियर कर मुख्य बिंदुओं पर फोक्स करते हुए प्रत्येक दिन सेशन भी लिया जा रहा है। राज्य स्तर जिला एफएलएन प्रभारी एससीईआरटी रायपुर आशीष पांडे, डाइट महासमुंद से जिला प्रभारी कमलेश पांडे, एपीसी संपा बोस, कौर ग्रुप से कविता देवांगन, एसआरजी शीला विश्वास, मधु साहू, प्रतापनारायण दास, डोमार वैष्णव, डीआरजी, जोन प्रभारी संकुल समन्वयक विजय साहू, रिंकल बग्गा, संकुल समन्वयक रूपेश साहू, संकुल समन्वयक गेंदलाल यादव, संकुल समन्वयक मोहिंदर पाडे, पुष्कर पटेल, संकुल समन्वयक सालिक राम साहू, संकुल समन्वयक परमानंद निर्मलकर, तोषण गिरी गोस्वामी अपनी की भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रशिक्षण दे रहे है। एनईपी 2020 के विकसित कौशलों एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के स्तर, निपुण भारत मिशन अंतर्गत एफएलएन बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान कौशल आधारित 4 ब्लाक माडल, पुस्तकालय, ई जादुई पिटारा, विघा प्रवेश, स्कूल रेडीनेस, नवाजतन कार्यक्रम पर ग्रुप एक्विटी के साथ प्रशिक्षण सभी शिक्षकों ने पूरी तन्मयता साथ उत्साह पूर्वक ग्रहण किया। जिसमें शिक्षकों का इस शिक्षक संदर्शिका और अभ्यास पुस्तिका, पाठ्यपुस्तक में समझ बहुत ही अच्छे से प्रस्तुत किया। सभी बहुत सारी गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर प्रथम चरण का प्रशिक्षण का बहुत ही सफल रहा। शिक्षकों का उत्साह इस प्रकार था कि समय की कोई पाबंदी नहीं थी। शिक्षक ज्यादा समय देकर अपनी समझ बनाने में अपनी सक्रियता दिखाई। जोन के संकुल समन्वयक, सभी अधिकारियों द्वारा सभी जोन में भौतिक रूप से तथा ऑन लाइन प्रशिक्षण की गुणवत्ता तथा गतिविधियों की गहन मॉनिटरिंग आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए सहयोग दिया जा रहा है।

## प्रतिभा पब्लिक स्कूल में कला एकत्रित और अनुभवात्मक शिक्षा पर हुआ प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल बालसी में एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय कला एकत्रित और अनुभवात्मक शिक्षा था। प्रस्तुत करता जॉन नौगैरा, ट्रिनिटी कॉलेज लंदन से शिक्षा प्राप्त एवं विगत 15 वर्षों से देश के विभिन्न हिस्सों में स्कूलों, शिक्षकों, विद्यार्थियों, कॉरपोरेट कंपनी के मध्यम से लगातार कार्यशाला के प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9 बजे प्रतिभा बीएड कॉलेज आफ एजुकेशन के बड़े हाल में रखा गया था। जिसमें प्रशिक्षक के साथ विनय मिश्रा, मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव गुलमोहर पब्लिकेशन, प्राचार्य नरहरि पटनायक, उपप्राचार्य नासिर खान के साथ प्रतिभा पब्लिक स्कूल बसना सह प्रतिभा पब्लिक स्कूल सरायपाली के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। उपरोक्त सभी का स्वागत गुलदस्ता भेंटकर शिक्षिका हेमलता बंजारे एवं अनिता चौधरी द्वारा किया गया। संपूर्ण कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं के पांच-पांच के ग्रुप में बांटकर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रशिक्षक जॉन नौगेरा से ज्ञान कौशल एवं अनुभव से बहुत कुछ नया सीखा। उसे कक्षा स्तर पर पठन-पाठन के दौरान लागू करने का संकल्प दोहराया। शिक्षक जुगल भोई द्वारा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## यूएसए के एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में अमीशी को मिला प्रवेश

**बागबाहरा।** नगर को गौरवान्वित करने वाली बिटिया अमीशी अपने परिवार व गांव के नाम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने प्रयासरत है, उसे इस वर्ष संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के सबसे प्रमुख विश्वविद्यालयों में से एक एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिला है, जहां वे कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के पाठ्यक्रम का अध्यन करेगी। जिसके लिए उसे लाखों रुपए सालाना छात्रवृति न्यू अमेरिकन यूनिवर्सिटी स्कालरशिप के तहत दी जाएगी।



अमीशी अग्रवाल नगर के ऐसे परिवार से आती है, जिनके परिवार के प्रत्येक सदस्य को माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त है। उनके दादा गिरधारी लाल अग्रवाल और दादी शकुंतला अग्रवाल पूर्व शासकीय शिक्षक हैं। वहीं ताऊ डॉ विकास अग्रवाल दंत चिकित्सक व लोक कलाकार, पिता अविनाश अग्रवाल कंप्यूटर व टेलीम्यूनिकेशन इंजीनियर, माता पूजा अग्रवाल इलेक्ट्रॉनिक्स व टेलीम्यूनिकेशन इंजीनियर, चाचा दीपक अग्रवाल भी कंप्यूटर व टेलीम्यूनिकेशन इंजीनियर हैं। बचपन से ही मेधावी रही अमीशी ने प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल दुर्ग, राजकुमार कॉलेज रायपुर और फिर आगे बंगलुरू के ग्रीनवुड हाई इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती रही। हमेशा से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुछ कर दिखाने की चाह रही। परिजनों ने भी लगातार उसका हौसला बनाए रखा और आज उसी का प्रतिफल है कि अमीशी को यूएसए के जाने माने विश्वविद्यालय एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी में प्रवेश मिल पाया। साथ ही हर सेमेस्टर की पढ़ाई के लिए प्रतिवर्ष स्कालरशिप के लिए भी चयन हो गया। उसकी इस सफलता से परिजनों, मोहल्लेवासी और जान पहचान वालों में खुशी का माहौल है।

## सरेठे सेन समाज की वार्षिक बैठक में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

महासमुंद परिक्षेत्र सरेठे सेन समाज की वार्षिक बैठक सेन भवन इमली भाठा महासमुंद में हुई।

जिसमें वार्षिक आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। संत शिरोमणी सेन महाराज के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। समाज के अध्यक्ष शत्रुहन सेन द्वारा अनेक उद्देश्यों को लेकर चर्चा की। इसमें समाज के प्रत्येक बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाने, समाजिक बंधुओं को नशा मुक्ति के लिए प्रेरित करने, समाज के होनहार प्रतिभावान द्वारों को प्रोत्साहित करने, दहेज जैसी कुरीतियों पर पूर्णतः प्रतिबंध करने, समाज के दिवंगत व्यक्तियों की स्मृति में पौधारोपण करने तथा वृक्ष बनने तक उसकी देखभाल के लिए जिम्मेदारी पर चर्चा की गई। समाज के कोषाध्यक्ष लोकनाथ सेन द्वारा आय व्यय प्रस्तुत किया गया। सामाजिक परिचर्चा में समाजजनों के साथ अध्यक्ष शत्रुहन सेन, उपाध्यक्ष तेजराम ठाकुर, सचिव रामशरण ठाकुर, संरक्षक सीता राम सेन, फेकूराम ठाकुर, भेषलाल ठाकुर, कुलदीप सेन, मनोज सेन का सहयोग रहा। बैठक हेमलाल सेन, हेमन सेन, भोलाराम सेन, बिसहत सेन, लक्ष्मी सेन, राजेंद्र कौशिक, धनीराम सेन, मनहरण सेन आदि मौजूद रहे।



### स्वागत



**सरायपाली।** महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित सांसद रुपकुमारी चौधरी के नगर आगमन पर बाबा बिशासहे कुल कोलता समाज द्वारा मां घंटेश्वरी मंदिर के पास विशाल संख्या में समाज के पदाधिकारी, समाज के भाजपा कार्यकर्ताओं, समाजजनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। सांसद श्रीमती चौधरी को अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। सांसद चौधरी ने समाज से मिले आशीर्वाद एवं सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### निर्माण कार्य के बाद मलबा छोड़ना पड़ेगा महंगा, होगी कार्रवाई

**महासमुंद।** शहर की सड़कों और गलियों में मलबा रखना अब भवन मालिकों को महंगा पड़ेगा। पालिका ने नागरिकों को हिदायत देते हुए कहा है कि किसी भी तरह के निर्माण कार्य के दौरान निकले मलबे को निपटाने की जिम्मेदारी भवन के मालिक या बिल्डर की होगी। नहीं हटाए जाने पर पालिका भवन मालिक और बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई करेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी लवकेश कुमार ने कहा है कि मलबे को अगर इधर-उधर कहीं भी फेंका तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल निपटारे के संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सख्त निर्देश दिए है कि सीएंडडी मलबे सहित प्रदूषण पैदा करने वाले कारकों को कम करने की तत्काल आवश्यकता है। भवनों का निर्माण तथा पुनर्निर्माण करने वाले सभी मालिक एवं बिल्डर इस दौरान उत्पन्न होने वाले मलबे का या तो खुद निपटान करें या फिर तुमाडबरी मणिकंचन में स्थापित सी एंड डी प्लांट पर संपर्क करें। ताकि, नियम अनुसार सी एंड डी वेस्ट का निस्तारण किया जा सकें और शहरवासियों को लाभ प्राप्त हो सकें।

## शाला संचालन व प्रवेशोत्सव मनाने के लिए हुई शिक्षकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



द न्यू होलीफैथ स्कूल में संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, समिति मेंबरों एवं प्राचार्या सरवरी पींचा द्वारा आवश्यक बैठक आहूत की गई। बैठक में नए शिक्षण सत्र में शाला संचालन, नवाचार सृजनात्मक गतिविधियों द्वारा अध्यापन, अधिगम, अभिरुचि, भाषा शिक्षण, अनुशासन, प्रदत्त प्रभार का दायित्व निर्वहन, स्वच्छता, विद्यार्थियों को नैतिक कर्तव्य के बारे में सीख, आत्मीय भाव से अभिवादन एवं व्यावहारिक शिक्षा आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। प्राचार्या सरवरी पींचा ने शिक्षकों को अनुशासित रहने, निर्धारित समय पर विद्यालय आने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य प्रदत्त है उन्हे शिरोधार्य करें। नकारात्मक सोच उत्पन्न न करें। आपसी सामंजस्य से सौहार्द्र भाव से कार्य करें। बच्चों को उचित समय नियोजन से पठन, लेखन के लिए प्रेरित करें। समिति मेंबरों ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाए। आकर्षक साज सज्जा, मनोरंजक एवम् सकारात्मक ऊर्जा के साथ बच्चों का तिलक लगाकर, पुस्तक वितरण कर स्वागत करें। बच्चों का प्रथम दिवस त्योहार जैसा लगे। ताकि, उत्साहित होकर प्रतिदिन हर्षित होकर स्कूल आए। बैठक में विद्यालय के समस्त वरिष्ठ शिक्षकगण पूजा कामदार, आरती झा, गरिमा पटेल, दीपिका साहू, रुचि साहू, सविता चंद्राकर, वसुंधरा यदु, अनीशा यदु, डायना, नौरिन, भवेंद्र पांडे, जयेश जैन आदि उपस्थित रहे।













